卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं, य: शोकवहि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां, नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 219 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦16 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# वीरों की विरासत से नई पीढ़ी को जोड़ना हमारी जिम्मेदारी: धामी

### महाराणा प्रताप जयंती समारोह में धर्मांतरण के मुद्दे पर बरसे मुख्यमंत्री, समारोह में सीएम का हुआ जोरदार स्वागत








नानकमत्ता (उद संवाददाता)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर नानकमत्ता में आयोजित भव्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाराणा प्रताप के शौर्य, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए कहा कि उनका त्याग और बलिदान देश कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने कठिन परिस्थितियों में जंगलों में घास की रोटियां खाना स्वीकार किया, लेकिन अपने आत्मसम्मान और मातृभूमि की रक्षा के संकल्प से कभी समझौता नहीं किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के पहुंचने पर लोगों ने जोरदार स्वागत किया। पूरा पंडाल महाराणा प्रताप और भारत माता के जयघोषों से गूंज उठा। बड़ी संख्या में मौजूद लोगों ने मुख्यमंत्री का फूल मालाओं और पारंपरिक स्वागत के साथ अभिनंदन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि वीरों की विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं थे, बल्कि राष्ट्र स्वाभिमान, साहस और संघर्ष के जीवंत प्रतीक थे। उनका जीवन आज भी युवाओं को राष्ट्र के प्रति समर्पण और आत्मसम्मान की (शेष पृष्ठ सात पर)

## फ्लीट छोड़कर दो गाड़ियों के साथ पहुंचे सीएम धामी

नानकमत्ता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों से लगातार किए जा रहे ईंध न बचाने, सादगी अपनाने और अनावश्यक वीआईपी संस्कृति से दूर रहने के आह्वान



को उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज नानकमत्ता आगमन पर अपने व्यवहार से जीवंत कर दिया। मुख्यमंत्री धामी ने अपनी पूरी लंबी फ्लीट छोड़कर केवल 2 गाड़ियों के साथ कार्यक्रम स्थल तक पहुँचकर यह संदेश (शेष पृष्ठ सात पर)

## कार से भिड़ंत में ई-रिक्शा चालक की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शुक्रवार की रात्रि ग्राम बागवाला में हाईवे के किनारे सर्विस रोड़ पर तेज गति से जाती कार की



टक्कर से ई- रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम बागवाला झील निवासी 35 वर्षीय संतोष दास पुत्र वासुदेव ने कुछ दिन पूर्व ही नया ई रिक्शा खरीदा था। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि संतोष अपना नया ई रिक्शा लेकर अकेला रूद्रपुर से घर की ओर जा रहा था। मार्ग में हाई वे किनारे ग्राम बागवाला में सर्विस रोड़ पर जब वह जा रहा था तभी सामने की ओर से तेज गति से आती कार संख्या यूपी 25 बीयू 9770 के अज्ञात चालक ने उसके ई रिक्शा को जोर से टक्कर मार दी और वाहन छोड़ मौके से फरार हो गया। इस दुर्घटना में संतोष दास गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी मिलने पर ग्राम प्रधान पति प्रमोद कुमार आदि लोगों ने उसे उपचार के लिए तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना की जानकारी मिलने पर विधायक शिव (शेष पृष्ठ सात पर)

## राजमिस्त्री की कमरे में संदिग्ध मौत

रूद्रपुर। ग्राम कालीनगर दिनेशपुर में आज प्रात: ठेकेदार के अधीन सरिया



सैटरिंग व मिस्त्री का काम करने वाले व्यक्ति की उसके कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना से कुछ समय पहले उसने ग्राम के ही निवासी अपने रिश्तेदार को फोन कर बताया था कि उसकी तबीयत खराब हो रही है घर आ जाओ। परंतु जब तक वह वहां पहुंचता उसने उसे बेसुध अवस्था में पाया। जिला चिकित्सालय ले जाने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार ग्राम कालीनगर दिनेशपुर (शेष पृष्ठ सात पर)

## चोरों ने बंद घर खंगाला, लाखों के जेवर व नगदी उड़ाई

रूद्रपुर। पारिवारिक कार्य के लिए परिजनों के साथ बाहर गये व्यक्ति का घर अज्ञात चोरों ने खंगाल कर वहां से लाखों रूपये कीमत के जेवरात, लाखों की नगदी और लाखों कीमत का अन्य सामान चोरी कर लिया। शुक्रवार को पड़ोसियों की सूचना पर गृहस्वामी वापस घर लौटे जहां उन्हें भीतर सारा सामान अस्त व्यस्त मिला और अलमारी व बैड़ खुले हुए दिखे। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घर का बारीकी से निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। आदर्श कालोनी देवी मंदिर के पास के निवासी जावेद पुत्र मसीत खान ने बताया कि वह अपने



परिजनों के साथ 11 मई को घर को बंद कर रामपुर में पारिवारिक कार्य के लिए गया था। शुक्रवार को उसके पड़ोसी ने फोन कर पूछा कि माताजी वापस आ गई हैं। घर का दरवाजा खुला हुआ है। जबकि सारा परिवार उसके साथ ही था। जानकारी मिलने पर वह सायंकाल तक घर वापस लौट आया। जावेद ने बताया कि घर आने पर उसने भीतर देखा सारा सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा है, अलमारी खुली है और परिजनों के सारे जेवरों के खाली डिब्बे इधर उधर बिखरे हुए हैं। उसका कहना है कि अज्ञात चोर घर से करीब 15 लाख रूपये कीमत के जेवरात, लगभग 1.25 लाख रूपये नगद और एलईडी सहित लाखों रूपये का अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गये हैं। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी भी आ गये। उन्होंने जावेद से मामले की जानकारी ली और घर का बारीकी से निरीक्षण करने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी। जावेद ने मामले की तहरीर पुलिस को दे दी है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है।

## फौजी के बंद घर से लाखों के जेवर और नगदी पार

हल्द्वानी/कालाढूंगी (उद संवाददाता)। कोतवाली कालाढूंगी के अंतर्गत ग्राम कमोला में चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर की मोंटी तोड़कर भीतर प्रवेश किया और अलमारी के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुँची पुलिस ने साक्ष्य जुटाकर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रामनगर कालाढूंगी स्टेट हाईवे पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित विजय बुधलाकोटी के घर को चोरों ने शुक्रवार की रात खंगाला। विजय बुधलाकोटी सेना में कार्यरत हैं और कुछ दिन पूर्व ही छुट्टी पर घर आए थे। वह बीते बुधवार को अपने पैतृक गांव बुढलाकोट रातीघाट में आयोजित पूजा पाठ के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सपरिवार गए हुए थे। इसी सूनेपन का फायदा उठाकर चोरों ने शुक्रवार की रात छत के रास्ते घर में धावा बोल दिया। चोरों ने छत पर बनी मोंटी का शीशा तोड़ा और अंदर दाखिल हो गए। घर के भीतर चोरों ने अलमारी के ताले तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपये मूल्य के सोने चांदी के जेवरात और नकदी (शेष पृष्ठ सात पर)

## सीएम का विरोध कर रहे कांग्रेसी गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में पहुँचे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने काला



कपड़ा बांधकर विरोध किया। कार्यक्रम स्थल के बाहर विरोध प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने मौके पर ही हिरासत में ले लिया। विरोध कर रहे कार्यकर्ताओं में जेल सिंह, नरेंद्र सिंह पिंटू, गौरव राणा एवं रंजीत सहित अन्य लोग शामिल थे। कांग्रेस कार्यकर्ता सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज करा रहे थे। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर (शेष पृष्ठ सात पर)

## स्कार्पिओ से डेढ़ करोड़ से अधिक की नकदी बरामद

### सीक्रेट केबिन में रखी थी नगदी, गुजरात निवासी तीन युवक हिरासत में

देहरादून (उद संवाददाता)। जनपद में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग अभियान के अंतर्गत कैंट पुलिस ने महाराष्ट्र नंबर के एक वाहन से बिना वैध दस्तावेजों के ले जाई जा रही डेढ़ करोड़ रुपये से अधिक की नकदी पकड़ी है। आयकर विभाग की टीम की मौजूदगी में जब वाहन की तलाशी ली गई, तो उसमें बने सीक्रेट केबिन से करीब 1 करोड़ 55 लाख रुपये बरामद हुए। पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया है और पकड़े गए तीनों व्यक्तियों से




पूछताछ की जा रही है। शुक्रवार शाम कैंट पुलिस द्वारा राजेंद्र नगर कौलागढ़ क्षेत्र में सिरमौर मार्ग पर चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो वाहन को रोका गया। वाहन सवार व्यक्तियों की पहचान सतीश भाई निवासी जिला मेहसाणा गुजरात, ठाकुर जसवंत संघ बनाजी निवासी जिला पाटन गुजरात और सचिन पटेल निवासी विसनागर गुजरात के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगने पर जब चालक टालमटोल करने लगा, तो कड़ाई से पूछताछ की गई। चालक ने स्वीकार किया कि गाड़ी की बीच वाली और पिछली सीट के बीच एक गुप्त केबिन बनाया गया है, जिसमें भारी मात्रा में नकदी छिपाई गई है। सूचना मिलते ही आयकर विभाग के अधिकारी मौके पर पहुँचे और उनकी उपस्थिति में केबिन खोलकर 1 करोड़ 55 लाख रुपये बरामद किए गए। पूछताछ में वाहन (शेष पृष्ठ सात पर)

## उत्तरकाशी में भूकंप के झटके से दहशत

उत्तरकाशी (उद संवाददाता)। उत्तरकाशी मुख्यालय में देर रात हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में कुछ देर के लिए दहशत का माहौल बन गया। रात के समय अचानक धरती हल्की कांपने से कई लोग डर के कारण अपने घरों से बाहर निकल आए। हालांकि भूकंप की तीव्रता काफी कम होने के कारण किसी प्रकार की जनहानि या संपत्ति के नुकसान की सूचना नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 2.4 मापी गई। भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी जिला मुख्यालय (शेष पृष्ठ सात पर)

# नैनीताल हाईकोर्ट के न्यायाधीशों ने मनाया 'नो व्हीकल डे'

## अपने आवास से न्यायालय तक पैदल मार्च कर दिया ईंधन संरक्षण का संदेश

नैनीताल(उद संवाददाता)। उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने ईंधन संरक्षण के लिए नो व्हीकल डे मनाया और अपने आवास से न्यायालय तक पैदल मार्च किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की परिस्थितियों में योगदान कर राष्ट्र को सशक्त बनाने में मदद कर रहे हैं। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि हर व्यक्ति ने हर रोज पैदल चलना चाहिए। इस अवसर पर सभी न्यायाधीश, न्यायालय के अधिकारी/कर्मचारी, बार एसोसिएशन के सदस्य पैदल यात्रा करते दिखे। शुक्रवार को प्रात: उच्च न्यायालय नैनीताल की तरफ से नो व्हीकल डे मनाया गया। इसमें, मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता, वरिष्ठ न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी, न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी, न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल, न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित, न्यायमूर्ति आलोक मेहरा, न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय, न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह के अलावा मैम्बर सचिव प्रदीपमणि त्रिपाठी, उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जर्नल योगेश गुप्ता, रजिस्ट्रार विजिलेंस सुबीर कुमार, रजिस्ट्रार इंस्पेक्शन प्रतिभा तिवारी, रजिस्ट्रार इंफ्रा. विक्रम, रजिस्ट्रार ज्यूडिशियल धीरेंद्र भट्ट, रजिस्ट्रार प्रोटोकॉल राहुल श्रीवास्तव, रजिस्ट्रार ओएसडी धर्मेंद्र अधिकारी और भूपेंद्र साह ने शिरकत की। अधिवक्ता भी बड़ी संख्या में पैदल आते जाते दिखे। मुख्य न्यायाधीश ने भी सभी से पैदल चलकर फ्यूल बचाने और अपना स्वास्थ्य ठीक करने की सलाह दी। उन्होंने इस कदम को राष्ट्र की परिस्थितियों के अनुसार चलकर राष्ट्र को शक्तिशाली बनाने में योगदान बताया। कहा कि आज कॉल है आगे भी इसकी कोशिश रहेगी। अधिवक्ताओं को वर्चुअल मोड में न्यायालय से जुड़ने को कहा गया है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने तो सभी को हर रोज पैदल चलने की सलाह दी। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फ्यूल बचाने की सलाह के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री, मंत्री, ब्यूरोक्रेट्स के साथ नैनीताल के जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल और सीडीओ अरविंद कुमार पांडे ने घर से कार्यालय तक पैदल चलने के साथ नो व्हीकल डे मनाया। मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव आरके सुधांशु की तरफ से जारी पत्र में समस्त प्रमुख सचिव, विशेष प्रमुख सचिव, सचिव, विशेष सचिव के साथ आयुक्त गढ़वाल और कुमाऊं, समस्त विभागाध्यक्ष, कार्यालयाध्यक्ष और सभी जिलाधिकारियों को वर्क फ्रॉम होम और प्रशासनिक दक्षता, ईंधन की खपत कम करना, कार पूलिंग और साइकिलिंग का प्रयोग, स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा, खाद्य तेल की खपत कम करना, प्राकृतिक खेती और उर्वरक निर्भरता कम करना, सोने की अनावश्यक खरीद कम करना, स्वच्छ ऊर्जा विकल्प को बढ़ाना, सौर ऊर्जा और बायोगैस, लंबित अनुमोदनों में तेजी के साथ सरकारी मितव्ययता और नेतृत्व को बढ़ाने के लिए कहा गया है।







# मुख्यमंत्री ने दी बड़ी सौगात, राज्य कर्मियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने केन्द्र सरकार की भांति, 01 जनवरी, 2026 से राज्य सरकार के कार्मिकों एवं पेंशनरों को मंहगाई भत्ते की मौजूदा दर 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत प्रतिमाह किए जाने का अनुमोदन प्रदान किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 50 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति भी प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जनपद चम्पावत के कोतवाली पंचेश्वर में टाईप द्वितीय के 06 आवासों एवं चाहरदीवारी के निर्माण हेतु 3.13 करोड़, जनपद नैनीताल के फायर स्टेशन हल्द्वानी में टाईप द्वितीय के 64, टाईप तृतीय के 08 एवं टाईप चतुर्थ के 04 आवासों के निर्माण हेतु 36.64 करोड़ तथा जनपद चम्पावत के थाना रीठासाहिब में टाईप द्वितीय के 06 एवं टाईप तृतीय का 01 आवासों के निर्माण हेतु 3.47 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा मौलेखाल बाजार, अल्मोड़ा में पार्किंग के निर्माण हेतु 5.91 करोड़ तथा जनपद चमोली के विधानसभा क्षेत्र थराली के अर्न्तगत ग्वालदम बाजार में वाहन पार्किंग निर्माण हेतु 61.57 लाख की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया है।



# बीएलओ को बेहतर प्रशिक्षण देने के निर्देश

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम की वर्चुअल समीक्षा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 01 जुलाई, 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर कार्यक्रम की मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीबीआरसी पुरूषोत्तम ने वर्चुअल समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य में विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के सफल क्रियान्वयन हेतु विभाग एवं दायित्वों के आधार पर कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। इस उद्देश्य से उन्होंने समस्त जिलाधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों, समस्त नगर आयुक्तों, नगर निगम (आयोग द्वारा नामित अपर जिला निर्वाचन अधिकारी), समस्त उप जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ) के साथ वर्चुअल माध्यम से बैठक करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर का क्रियान्वयन सफलता पूर्वक सम्पादित कराया जाए। उन्होंने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण हेतु बीएलओ को अच्छी तरह प्रशिक्षण करा दिया जाए ताकि वे फील्ड में बेहतर ढंग से कार्य करें और कोई गलती की सम्भावना न रहे। उन्होंने इस बात पर विशेष ध्यान देने को कहा कि पुनरीक्षण कार्यों के दौरान राजनीतिक पार्टियों के बीएलए भी साथ रहें। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी की गलती के कारण यदि किसी का नाम निर्वाचन नामावली से कट गया है, तो अभी भी समय है और उनका नाम निर्वाचन नामावली में जोड़ दिया जाए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर पुनरीक्षण के बारे में अवगत कराने के निर्देश दिए ताकि बाद में किसी प्रकार की भ्रांति न रहे। बैठक में जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र सिंह अधिकारी आदि मौजूद थे।



# पति की लंबी उम्र के लिए की वट सावित्री की पूजा

दिनेशपुर। महिलाओं ने पति की लंबी आयु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ श्रद्धा एवं आस्था के प्रतीक वट सावित्री व्रत का विधिपूर्वक पालन किया। वार्ड पांच में आयोजित दो दिवसीय वट सावित्री पूजा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने उपवास रखकर वट वृक्ष की पूजा-अर्चना की और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार अनुष्ठान संपन्न कराया। पूजा कार्यक्रम का संचालन पुरोहित बनमली चक्रवर्ती ने कराया। उन्होंने वट वृक्ष के नीचे विधिवत प्राण प्रतिष्ठा कर महिलाओं से पूजा संपन्न कराई। इस दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा और पति की दीर्घायु, परिवार की खुशहाली एवं सुख-शांति की कामना की। पूजा स्थल पर पूरे समय धार्मिक वातावरण बना रहा। महिलाओं ने भक्ति गीत गाकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।पुरोहित बनमली चक्रवर्ती ने महिलाओं को वट सावित्री व्रत का महत्व बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में इस व्रत का विशेष महत्व है। मान्यता है कि माता सावित्री ने अपने तप, त्याग और अटूट संकल्प से अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। तभी से महिलाएं अखंड सौभाग्य और पति की लंबी आयु के लिए यह व्रत रखती हैं।पूजा में शामिल महिलाओं ने पूरे श्रद्धाभाव से व्रत का पालन किया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर पूजा-अर्चना में भाग लिया। कार्यक्रम में शिरवा ढाली, मालती गाइन, बसंती मल्लिक, दीपाली बैरागी, निराला मल्लिक, करूणा मल्लिक, गायत्री विश्वास, सोना गायन, सुनीता मंडल, पूजा मंडल,पूनम पाइक , निली चक्रवर्ती, मध चक्रवर्ती, हेमा चक्रवर्ती, दुलाली राय सहित अन्य महिलाएं मौजूद रहीं।पूजा के समापन पर महिलाओं ने परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र में खुशहाली की कामना करते हुए प्रसाद वितरण किया।



# सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ पालिका का अभियान, 3 दुकानदारों पर 1700 जुर्माना

चम्पावत ।जिलाधिकारी मनीष कुमार के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद लोहाघाट द्वारा नगर क्षेत्र को स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों में दुकानों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। अभियान के दौरान प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री का उपयोग पाए जाने पर 03 दुकानदारों के चालान किए गए तथा कुल 1700 का जुर्माना वसूला गया। नगर पालिका की टीम ने संबंधित दुकानदारों को भविष्य में प्रतिबंधित प्लास्टिक का प्रयोग न करने की सख्त चेतावनी भी दी। अधिशासी अधिकारी सौरभ नेगी ने कहा कि नगर में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर पालिका पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध यह अभियान लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने व्यापारियों एवं आम नागरिकों से कपड़े, जूट एवं अन्य पर्यावरण हितैषी थैलों का अधिकाधिक उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि प्लास्टिक प्रदूषण पर्यावरण एवं मानव स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है। अभियान के दौरान नगर पालिका टीम द्वारा लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण हितैषी लोहाघाट के निर्माण में सहयोग करने का आह्वान भी किया गया। इस दौरान पालिका कार्मिक प्रमोद महर, सागर नाथ, जयवर्धन शाह एवं संदीप वाल्मीकि उपस्थित रहे।



# हलाला कुप्रथा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाली महिला से मिली फरजाना बेगम

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्षा फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लागू किए गए यूसीसी कानून के तहत देश का पहला हलाला जैसी कुप्रथा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने वाली अल्पसंख्यक समाज की महिला शाहिन से शुक्रवार को हरिद्वार के बुग्गावाला उनके आवास पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान उनके परिवार एवं भाई सलमान से भी मुलाकात हुई, जो हर परिस्थिति में शाहीन के साथ मजबूती से खड़े रहे। बातचीत करते हुए फरजाना बेगम ने शाहिन को हौसला दिया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार उसके साथ हर कदम पर मजबूती से खड़ी है। फरजाना बेगम ने



कहा कि यूसीसी कानून लाने के पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी की सोच यही थी कि अल्पसंख्यक बहनें भी अपने हक और सम्मान की लड़ाई मजबूती से लड़ सकें तथा समाज में फैली गलत प्रथाओं के खिलाफ आवाज उठा सकें। फरजाना बेगम और शाहिन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने अल्पसंख्यक बहनों को न्याय, सम्मान और सुरक्षा देने के उद्देश्य से यूसीसी जैसा ऐतिहासिक कानून लागू किया।एनआज यह कानून अल्पसंख्यक समाज की बहनों के लिए एक नई उम्मीद और न्याय का माध्यम बन रहा है। इस दौरान उनके साथ अल्पसंख्यक आयोग के सचिव जगदीश सिंह रावत, शमा परवीन एवं अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# महिलाओं के सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए भाजपा में शामिल हुई हूँ: मीना शर्मा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेत्री और रुद्रपुर नगर पालिका परिषद की पूर्व अध्यक्ष मीना शर्मा ने ट्रांजिट कैंप की नारायण कॉलोनी और शिमला बहादुर में आयोजित भव्य स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि वह महिलाओं के सम्मान की लड़ाई लड़ने के लिए भाजपा में शामिल हुई हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहाँ भाजपा ने महिलाओं को अपमानित करने और महिलाओं के प्रति अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले अपने विधायक को पार्टी से निष्कासित करने में जरा भी देर नहीं लगाई, वहीं कांग्रेस ने मेरे साथ साथ तमाम महिलाओं की मान मर्यादा को तार तार करने वाले उस पूर्व विधायक को कांग्रेस में शामिल कर लिया। मीना शर्मा ने कहा कि मैं इस मामले में चुप बैठने वाली नहीं हूँ। रुद्रपुर विधानसभा में ही 100 से भी ज्यादा स्थानों पर चौपाल लगाकर ऐसे व्यक्ति को बेनकाब करूँगी। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर पूरे प्रदेश में विकास के मामले में टॉप पर है। जितना विकास रुद्रपुर में हुआ है उतना और जगह नहीं हुआ। यहाँ



यशस्वी विधायक शिव अरोड़ा के प्रयास से रुद्रपुर का नक्शा ही बदल गया है, वहीं महापौर विकास शर्मा भी विकास की गति को बढ़ाने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रहे हैं। मीना शर्मा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य में लगातार तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। स्वागत समारोह का संचालन निगम पार्षद एम पी मौर्या द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वागत करने वाले प्रमुख लोगों में नंद किशोर चौहान, रामाधारी गंगवार, डाल चंद, सत्य पाल, राम प्रसाद, प्रकाश गंगवार, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव, अरविंद सक्सेना, बंटी शर्मा, धर्मेंद्र यादव, सुनीता सैनी, कांति कटियार, उषा यादव, मिथलेश, कमलेश, बृजेश कुमारी, बबिता मौर्या, प्रेमबती सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। इस दौरान महिला संगठन ने मीना शर्मा को स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

# पुलिस की लापरवाही से अपराधियों के हौसले बुलंद: जुनेजा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने नगर के मुख्य बाजार में बढ़ती चोरी की घटनाओ पर गहरा रोष जताया है। मटके वाली गली स्थित चार शोरूमों में हुई चोरी की घटना को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष संजय जुनेजा ने गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि शहर में लगातार चोरी, झगड़े, मारपीट और फायरिंग जैसी घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। जिससे व्यापारियों एवं आम नागरिकों में भय का माहौल बना हुआ है। जुनेजा ने आरोप लगाया कि शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बावजूद पुलिस प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। उन्होंने कहा कि अधिकांश मामलों में न तो मुकदमा दर्ज किया जाता है और न ही घटनाओं का खुलासा हो पाता है। इससे अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाजार क्षेत्र सहित



आदर्श कॉलोनी चौकी क्षेत्र में रात्रि के समय पुलिस पेट्रोलिंग लगभग न के बराबर है। चौकियों में पुलिस कर्मचारियों की संख्या भी बेहद कम है, जिसके चलते अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो पा रहा है। व्यापार मंडल द्वारा कई बार जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से पुलिस फोर्स बढ़ाने की मांग की गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने कहा कि दिन के समय भी पुलिस सड़क पर दिखाई नहीं देती, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व खुलेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही चोरी की घटनाओं का खुलासा नहीं किया गया और शहर की कानून व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो व्यापार मंडल पुलिस प्रशासन के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## कच्ची शराब के साथ महिला समेत दो गिरफ्तार

काशीपुर। पुलिस ने गश्त के दौरानएक महिला समेत दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 71 पाउच अवैध कच्ची शराब के बरामद किये हैं। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान आईआईएम छात्रावास के पासे से केशवपुरम निवासी बब्लू जाटव पुत्र पृथ्वी सिंह व सीमा पत्नी हरीओम को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक थैले में भरे 71 पाउच कच्ची शराब के बरामद किये हैं।

# बढ़ती महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन कल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के लगातार बढ़ते दामों और इसके कारण आम जनता पर पड़ रही महंगाई की मार के खिलाफ कांग्रेस कल जोरदार विरोध प्रदर्शन करेगी। मामले की जानकारी देते हुए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने बताया कि जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ईंधन की कीमतों में की जा रही बेतहाशा बढ़ोतरी के विरोध में 17 मई को शहर के मुख्य भगत सिंह चौक पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार प्रदर्शन किया जायेगा। केंद्र सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए पुतला दहन भी किया जाएगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजकुमार ठुकराल ने क्षेत्र के समस्त कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आम जनता से इस जनविरोधी नीति के खिलाफ अधिक से अधिक संख्या में कल होने वाले विरोध प्रदर्शन में पहुँचने की पुरजोर अपील की है।

# होटल की टंकियों से ओवरफ्लो और गंदगी पर वसूला जुर्माना

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने महिला की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्यवाही की और अधिकारियों की टीम को मौके पर भेजकर समस्या का समाधान कराया। इस दौरान नियमों के उल्लंघन पर संबंधित होटल का कुल 16,000 रुपये का चालान किया गया। शिकायतकर्ता टंडन परिवार एवं डण्डरियाल परिवार आदि द्वारा जिलाधिकारी नैनीताल को अवगत कराया गया था कि मल्लीताल क्षेत्र में स्थित ब्रॉडवे होटल की टंकियों से लगातार पानी ओवरफ्लो होने के कारण उनके घरों में सीलन बढ़ती जा रही है।



शिकायत में यह भी बताया गया कि ब्रॉडवे होटल एवं नीलम राज होटल द्वारा रास्ते में गंदगी भी फैलाई जा रही है। प्राप्त शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने राजस्व विभाग, जल संस्थान, पर्यटन विभाग एवं नगर पालिका परिषद नैनीताल की एक संयुक्त टीम गठित की। गठित टीम द्वारा शुक्रवार को मौके पर जाकर निरीक्षण किया गया, जिसमें शिकायत की पुष्टि हुई। मौके पर पाया गया कि होटल ब्रॉडवे की छत पर स्थापित टंकियों से अनावश्यक पानी बह रहा है। इस पर कार्यवाही करते हुए जल संस्थान ने मौके पर ही होटल का जल संयोजन विच्छेपित कर दिया और पानी के दुरुपयोग पर 5,000 रुपये का चालान किया। साथ ही पर्यटन विभाग द्वारा 10,000 रुपये का अर्थदण्ड लगाया गया। इसके अतिरिक्त नगर पालिका द्वारा होटल से फैलाई जा रही गंदगी पर 1,000 रुपये का जुर्माना वसूला गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट, जल संस्थान के सहायक अभियंता, नगर पालिका के सफाई निरीक्षक एवं पर्यटन विभाग के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# 20 मई को बंद रहेंगे शक्तिफार्म के मेडिकल स्टोर

शक्तिफार्म। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर शक्तिफार्म केमिस्ट एसोसिएशन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में ऑनलाइन दवा बिक्री के बढ़ते प्रभाव और स्थानीय दवा व्यापारियों के सामने खड़े हो रहे संकट पर गहन चर्चा की गई। शक्तिफार्म केमिस्ट



एसोसिएशन के अध्यक्ष कृपा सिंधु हीरा ने कहा कि ऑनलाइन दवा कंपनियों द्वारा भारी छूट देकर बाजार को प्रभावित किया जा रहा है, जिससे छोटे और मध्यम स्तर के मेडिकल स्टोर संचालकों के सामने रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लोगों की सेवा कर रहे स्थानीय मेडिकल स्टोर आज कॉर्पोरेट कंपनियों की नीतियों के कारण आर्थिक दबाव झेल रहे हैं। उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से नकली एवं बिना उचित जांच के दवाओं की बिक्री पर भी गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से इस पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की। उनका कहना था कि दवाइयों का व्यापार केवल व्यापार नहीं बल्कि लोगों की सेहत से जुड़ा संवेदनशील विषय है, इसलिए इसमें पारदर्शिता और निगरानी बेहद जरूरी है। एसोसिएशन के संरक्षक नरेश अरोड़ा ने बताया कि ऑनलाइन दवा बिक्री के विरोध में शक्तिफार्म क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर 20 मई को पूर्ण रूप से बंद रहेंगे। इस दौरान केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा एकजुट होकर अपने अधिकारों और व्यापार की सुरक्षा के लिए आवाज बुलंद की जाएगी। बैठक में अनंत मंडल, पंकज मंडल, संजय सिंह, अजय बागला, प्रवीर कुमार सहित कई दवा व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# शूटिंग चैंपियनशिप के लिए श्री गुरु नानक अकैडमी के दो छात्रों का चयन

नानकमत्ता। उत्तराखंड द्वितीय प्री शूटिंग चैंपियनशिप-2023 में के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र दक्ष सिंह एवं जशन सिंह, दोनों कक्षा-9 के विद्यार्थियों ने सटीक निशाना साधते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसके आधार पर उनका चयन आगामी राज्य स्तरीय शूटिंग चैंपियनशिप-2026 के लिए हुआ है। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता के दौरान दोनों छात्रों ने अनुशासन, एकाग्रता और बेहतरीन खेल प्रतिभा का परिचय दिया। उनकी सफलता का श्रेय कोच नवीन चंद के मार्गदर्शन और कठिन प्रशिक्षण को भी दिया जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय की परबंधिका श्रीमती सुरेंद्र कौर, प्रिंसिपल डॉ. मीनाक्षी प्रभाकर तथा स्कूल प्रशासक सुखवंत सिंह ने सफल छात्रों एवं कोच नवीन चंद को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय प्रशासन ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि अन्य बच्चों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी तथा भविष्य में विद्यालय के छात्र खेलों में और बेहतर प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।



# कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भव्य शुभारंभ

बिलासपुर (उद संवाददाता)। दर्शनानंद महाराज के आशीर्वाद एवं निष्ठानंद महाराज के सानिध्य में प्रथम बार कथा व्यास आचार्य नीरजा शरणार्थी के मुखारबिंद से श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन श्री सनातन धर्म मंदिर पंजाबी कॉलोनी बिलासपुर में प्रारंभ हुआ। कथा के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग किया। कलश यात्रा के मंदिर परिसर पहुँचने के पश्चात विधिवत पूजन अर्चन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्रक मित्तल, हरि ग्रोवर, राकेश परुथी, खैराती लाल गगनेजा, बाल कृष्ण चावला, राजकुमार हुड़िया, राजकुमार सीकरी, जतिन नागपाल, जतिन ग्रोवर, सन्नी ग्रोवर, सुदर्शन खुराना, सोनिया, पूजा नागपाल, रिचा गगनेजा, रिप्पा हुड़िया, स. इन्द्रजीत सिंह, स. देवेन्द्र पाल सिंह, अरविंद चीमा, किरन गुगलानी, मधु गुगलानी, स्नेहा ग्रोवर, प्रियंका परुथी, कविता खुराना, सुनीता चावला एवं अनिल मदान सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा व्यास ने भागवत महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भागवत कथा के श्रवण से मनुष्य के जन्म जन्मांतर के पापों का नाश होता है और भक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा का समापन 22 मई को पूर्णाहूति हवन एवं भंडारे के साथ होगा।





# सार्वजनिक स्थलों और शासकीय भवनों में महिला अनुकूल आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश

## महिला कर्मियों की सुविधाओं को लेकर सीडीओ ने ली महत्वपूर्ण बैठक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शासनी की अध्यक्षता में सर्वोच्च न्यायालय में दायर मातृ स्पर्श एन इनिशिएटिव बाय अव्यान फाउंडेशन वर्सेस यूनियन ऑफ इंडिया एंड अदर्स के क्रम में महिला कर्मियों हेतु सार्वजनिक स्थलों एवं शासकीय भवनों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने संबंधी महत्वपूर्ण बैठक विकास भवन गांधी सभागार में आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विभागों में कार्यरत महिला कर्मियों के लिए सुरक्षित, स्वच्छ एवं सुविधायुक्त कार्य वातावरण सुनिश्चित करना है। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी मुकुल चौधरी एवं जनपद स्तरीय अधिकारियों, विभागीय कर्मचारियों तथा संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक के दौरान महिला हितों से संबंधित व्यवस्थाओं की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुविधाओं को प्राथमिकता के



आधार पर पूर्ण कराने हेतु विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से स्कूलों, डिग्री कॉलेज, रोडवेज, पूजा स्थल जहाँ 50 से अधिक की संख्या हो, शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महिला कर्मियों हेतु स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालय, सेनेटरी नैपकिन उपलब्धता, विश्राम कक्ष, क्रेच केंद्रों की व्यवस्था एवं स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किए जाने पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही यह निर्देशित किया गया कि सभी विभाग अपने अपने कार्यालयों एवं संस्थानों में महिला अनुकूल वातावरण सुनिश्चित करते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण कराएं। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि महिला सुरक्षा एवं सुविधाओं से संबंधित व्यवस्थाओं में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए तथा सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा भी अपने अपने विभागों से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। अंत में सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को महिला हित से संबंधित व्यवस्थाओं को पूरी गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ धरातल पर क्रियान्वित करने हेतु निर्देशित किया गया।

# कुमाऊं के शहरों को जलभराव से मिलेगी मुक्ति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर कुमाऊं मण्डल के शहरों में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान हेतु बड़ी पहल की गई है। आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत द्वारा सिंचाई एवं अन्य विभागों के साथ बैठक कर मण्डल के 14 शहरों को चिन्हित करते हुए 2043 करोड़ रुपये के ड्रेनेज प्रस्ताव शासन को भेजे गए थे। शुक्रवार को प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुन्दरम ने सचिवालय में बैठक कर इन प्रस्तावों की समीक्षा की। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत भी



वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए और प्रस्तावों पर विस्तृत जानकारी दी। बैठक में चर्चा करते हुए प्रथम चरण में जलभराव से सर्वाधिक प्रभावित 10 शहरों को प्राथमिकता पर लेने का निर्णय लिया गया। इन शहरों में टनकपुर, बनबसा, खटीमा, रूद्रपुर, काशीपुर, गदरपुर, सितारगंज, हल्द्वानी तथा मालधनचौड़ शामिल हैं। प्रमुख सचिव ने कहा कि इन शहरों में भी सबसे ज्यादा जलभराव वाले इलाकों में सबसे पहले काम शुरू किया जाएगा। प्रथम चरण के बाद शेष 4 शहरों को द्वितीय चरण में लिया जाएगा। सभी कार्यों को तैयार मास्टर प्लान के अनुरूप चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से काम करें और पहले प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में ड्रेनेज कार्य पूरा करें ताकि जनता को राहत मिल सके। उन्होंने मास्टर प्लान को समयबद्ध ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में सिंचाई विभाग सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में दूसरा स्थान पाने वाली प्राची को महापौर ने किया सम्मानित

रुद्रपुर। सीबीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में पूरे उत्तराखंड की मेरिट लिस्ट में दूसरा स्थान प्राप्त करने वाली जेसीज पब्लिक स्कूल की होनहार छात्रा प्राची मटेला को शहर के प्रथम नागरिक और की कामना की। प्राची के घर पहुंचे महापौर विकास शर्मा ने कहा कि अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति, कड़ी मेहनत और बिना किसी ट्यूशन-कोचिंग के बल पर प्राची ने 12वीं में 98.6 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। ट्यूशन के भी सफलता का सर्वोच्च शिखर छुआ जा सकता है।महापौर ने प्राची के पारिवारिक पृष्ठभूमि की सराहना करते हुए कहा कि वह एक प्रतिष्ठित और कलाप्रेमी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता



महापौर विकास शर्मा ने कौशल्या फेज-2 स्थित उनके निवास पर जाकर विशेष रूप से सम्मानित किया। इस दौरान महापौर ने प्राची और उनके माता-पिता को इस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य उन्होंने न केवल अपने परिवार का बल्कि पूरे रुद्रपुर शहर का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। प्राची ने संपूर्ण उत्तराखंड की वरीयता सूची में दूसरा स्थान प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि यदि हौसले बुलंद हों, तो बिना किसी बाहरी सहारे या महंगे वीर विक्रम सिंह राजस्व विभाग अल्मोड़ा में कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता दीपा मटेला (दीपा पहाड़ी) उत्तराखंड की सुप्रसिद्ध ऐपण आर्टिस्ट हैं, जिन्होंने देवभूमि की पारंपरिक ऐपण कला को देश-विदेश तक पहुंचाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दी है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि इस बेटी की सफलता इसलिए और भी खास व अनुकरणीय है, क्योंकि प्राची ने बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए किसी कोचिंग का सहारा नहीं लिया। यही नहीं, अपनी पढ़ाई के साथ-साथ प्राची अपनी मां के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और उनके ऐपण के बिजनेस को भी बखूबी संभालती रहीं। उन्होंने डिजिटल प्रबंधन, पारिवारिक सहयोग और अपनी पढ़ाई के बीच जो बेहतरीन संतुलन बनाया, उसी का परिणाम है कि आज उन्होंने इस असाधारण मुकाम को हासिल किया है। प्राची ने कला वर्ग के मनोविज्ञान विषय में 100 में से 100 अंक पाकर अपनी अद्वितीय मेधा का लोहा मनवाया है। प्राची की भविष्य में आईएएस बनकर देश की सेवा करने की इच्छा पर महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बच्चों की सफलता में माता-पिता का योगदान सबसे अहम होता है और प्राची की यह लगन आज के तमाम युवाओं और बच्चों के लिए प्रेरणादायी है।






# पूर्व सैनिकों के आश्रितों की उच्च शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने स्वीकृत की धनराशि

चम्पावत (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में राज्य सरकार ने पूर्व सैनिकों के आश्रित मेधावी छात्र छात्राओं की उच्च शिक्षा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार शासन द्वारा वर्ष 2024-25 की छात्रवृत्ति के भुगतान हेतु कारगिल शहीद परिवार मुख्यमंत्री सहायता कोष से 20,39,000 की धनराशि स्वीकृत की गई है। यह सहायता उन छात्र छात्राओं को प्रदान की जाएगी जो इंजीनियरिंग, मेडिकल एवं पीएचडी जैसे उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत हैं। इस निर्णय से प्रदेश के कुल 168 मेधावी छात्र छात्राओं को सीधा लाभ प्राप्त होगा, जिससे उन्हें उच्च शिक्षा के दौरान आर्थिक सहयोग मिल सकेगा तथा वे बिना वित्तीय कठिनाइयों के अपने करियर के लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ सकेंगे।

# जिलाधिकारी के निर्देश पर अस्पताल और आश्रम में बने आधार कार्ड

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के निर्देश पर आश्रम सेवा समिति हल्द्वानी में बुजुर्ग नागरिकों की सुविधा हेतु शुक्रवार को आधार कार्ड अपडेट एवं नवीन पंजीकरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में वृद्धजनों के आधार कार्ड में आवश्यक संशोधन किए गए तथा पात्र बुजुर्गों के नए आधार कार्ड भी बनाए गए। इसी क्रम में सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती एक बुजुर्ग महिला को आधार में मोबाइल नंबर अपडेट न होने के कारण काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। सरकारी सेवाओं से संबंधित ओटीपी प्राप्त न होने के कारण उन्हें असुविधा हो रही थी। प्रशासन की टीम ने महिला के बेडरिडन होने के बावजूद संवेदनशीलता दिखाते हुए अस्पताल पहुंचकर उनके आधार कार्ड में मोबाइल नंबर सफलतापूर्वक अपडेट कराया, जिससे उन्हें तत्काल राहत मिली। शिविर के दौरान 04 बुजुर्गों के आधार कार्ड बनाए एवं अपडेट किए गए, जबकि शेष बुजुर्गों की जांच प्रक्रिया जारी है। कई बुजुर्गों के पास आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध न होने के कारण उनके आधार से संबंधित कार्य फिलहाल लंबित हैं, जिनके दस्तावेज जुटाने में प्रशासन द्वारा सहायता की जा रही है। डिस्ट्रिक्ट मैनेजर विकास शर्मा ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में बुजुर्गों, दिव्यांगों एवं बेडरिडन मरीजों को उनके घर या अस्पताल पहुंचकर आधार संबंधी सेवाएं दी जा रही हैं, ताकि उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



# महिला कल्याण विभाग ने चलाया जागरूकता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला कल्याण विभाग द्वारा किड्स कैरियर पब्लिक स्कूल शिवपुरम गंगापुर में एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान उपस्थित बालक बालिकाओं को उनके अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए विस्तृत जानकारियां प्रदान की गईं। इस जागरूकता अभियान में जिला बाल कल्याण समिति से अध्यक्ष डॉ. रत्नेश, गौरव तागरा, चाइल्ड हेल्पलाइन से केंद्र समन्वयक चांदनी रावत एवं केस वर्कर गोविन्द सिंह पांगती द्वारा बालक बालिकाओं को गुड टच, बैड टच, बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल श्रम, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर क्राइम नंबर 1930 तथा पुलिस




हेल्पलाइन नंबर 112 के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि यदि कोई ऐसा बालक या बालिका जो खो गया हो या कहीं भीख मांगता हुआ मिलता है, तो ऐसे बच्चों की जानकारी तुरंत जिला बाल कल्याण समिति या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सम्पर्क कर दी जा सकती है। इसके अलावा यदि कोई बालक या बालिका असुरक्षित परिवेश में रह रहे हों या उन्हें विशेष देखरेख की आवश्यकता हो, तो ऐसे बच्चों के संबंध में भी जिला बाल कल्याण समिति या चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देकर उनकी मदद की जा सकती है। इस जागरूकता अभियान में विद्यालय की प्रधानाचार्य रेखा जोशी सहित समस्त स्टाफ व भारी संख्या में बालक बालिकाएं सम्मिलित रहे।

# इंटर कॉलेज ल्वेशाल में विधिक साक्षरता शिविर कल

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा दिनांक 17 मई 2026 दिन रविवार को राजकीय इण्टर कॉलेज ल्वेशाल में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। प्रातः 11.00 बजे से शुरू होने वाले इस शिविर में सामान्य कानूनी जानकारी के साथ ही विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा संचालित निःशुल्क जन कल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में आम जनता को जागरूक किया जायेगा। उपरोक्त के संबंध में जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल प्रशांत जोशी की अध्यक्षता में राजकीय इंटर कॉलेज ल्वेशाल में समस्त विभागों व प्रशासनिक अधिकारियों की सामूहिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आगामी बहुउद्देशीय शिविर को सफल बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। जिला न्यायाधीश ने संबंधित अधिकारियों व विभागों को निर्देशित किया कि इस शिविर के माध्यम से आम जनता को विभागों की योजनाओं का सीधा लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पारूल थपलियाल, प्रधानाचार्य महेश चंद्र पंत सहित समस्त विभागों के अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन प्रहार के तहत सड़कों पर उतरे एसएसपी

## पुलिस कर्मियों के साथ सड़कों पर निकाला पैदल मार्च ईंधन बचत का दिया संदेश, अराजक तत्वों को दी सख्त चेतावनी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, आमजन में सुरक्षा का वातावरण स्थापित करने तथा राष्ट्रहित में ईंधन बचत की मुहिम को गति देने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधम सिंह नगर अजय गणपति के नेतृत्व में बड़ा कदम उठाया गया है। दिनांक 15 मई 2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में ऑपरेशन प्रहार के अंतर्गत व्यापक स्तर पर विशेष सायंकालीन पैदल गश्त अभियान चलाया गया। राष्ट्रहित में ईंधन बचत की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए अब पुलिस की मौजूदगी सड़कों पर और अधिक प्रभावी नजर आएगी, जिससे जनता को सुरक्षा का भरोसा मिलेगा और अपराधियों में पुलिस का खौफ पैदा होगा। प्रधानमंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार की ईंधन बचत मुहिम को आगे बढ़ाते हुए एसएसपी अजय गणपति ने स्वयं पैदल गश्त की कमान संभाली। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वयं कोतवाली रुद्रपुर क्षेत्र, रुद्रपुर मुख्य बाजार, रम्पुरा क्षेत्र, सार्वजनिक स्थलों, मुख्य चौराहों एवं भारी भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी पुलिस बल के साथ पैदल मार्च करते हुए नजर आए। एसएसपी द्वारा स्वयं मैदान में उतरकर पुलिसिंग की कमान संभालने से आमजन में सुरक्षा का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है, वहीं असामाजिक एवं अराजक तत्वों में पुलिस का स्पष्ट खौफ दिखाई दिया। जनमानस में सुरक्षा का विश्वास बढ़ाने तथा अपराधियों में भय उत्पन्न करने के उद्देश्य से यह सायंकालीन पैदल गश्त अभियान चलाया गया। इस दौरान एसएसपी अजय गणपति ने कहा कि पैदल गश्त केवल ईंधन बचत का माध्यम नहीं है, बल्कि जनता से सीधा संवाद स्थापित करने, क्षेत्र की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने तथा अपराधियों पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने का सबसे प्रभावी तरीका है। प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा देशहित में ईंधन बचत को लेकर की गई अपील तथा मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक पैदल गश्त करने हेतु प्रेरित किया गया। अभियान के तहत शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले अराजक तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही के सख्त निर्देश दिए गए हैं। क्षेत्र के संदिग्ध व्यक्तियों, उपद्रवियों एवं असामाजिक तत्वों पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखी जा रही है। गश्त के दौरान एसएसपी ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, हुड़दंग, नशाखोरी, उपद्रव अथवा शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल कठोर वैधानिक कार्य वाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद की शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे तत्वों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। एसएसपी अजय गणपति ने जनता को संदेश देते हुए कहा कि ऊधम सिंह नगर पुलिस जनता की सुरक्षा, शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस करें, यह पुलिस की मुख्य प्राथमिकता है। राष्ट्रहित में ईंधन बचत के साथ-साथ प्रभावी पुलिसिंग को बढ़ावा देने हेतु यह पैदल गश्त अभियान लगातार जारी रहेगा और अपराध एवं अराजकता फैलाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई हर हाल में सुनिश्चित की जाएगी।





# विधायक शिव अरोरा ने चोरी की घटना का लिया जायजा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्य बाजार मटके वाली गली में रेड चीफ सहित कुल चार दुकानों में हुई चोरी की बड़ी घटना के बाद विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुंचकर दुकानों का दौरा किया और पूरी घटना की जानकारी ली। विधायक ने दूरभाष पर एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी से वार्ता की और कहा कि शहर के बीचों बीच इस प्रकार से हुई चोरी की घटना से व्यापारियों में गहरा रोष है। निश्चित रूप से चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर रोडवेज तक जाते नजर आ रहे हैं, उनकी धर पकड़ होनी चाहिए और चोरी का जल्द से जल्द खुलासा हो ताकि व्यापारियों में बना भय का माहौल समाप्त हो सके। ऐसे चोरी करने वाले गिरोह में चोरी की घटना करने से पहले खौफ होना चाहिए। विधायक शिव अरोरा बोले कि इस चोरी का खुलासा हर हाल में होना चाहिए, उसके लिए जितनी टीमें लगानी हों लगाई जाएं और यदि अनिवार्य हो तो एसटीएफ का गठन कर इस मामले का जल्द से जल्द पर्दाफाश किया जाए। विधायक ने पीड़ित व्यापारियों से मुलाकात कर उन्हें इस घटना में शामिल चोरों के जल्द पकड़े जाने का आश्वासन दिया। इस दौरान एसएसआई अनिल कुमार, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, मनोज मदान एवं वरुण आदि लोग मौजूद रहे।



# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले प्रधानाचार्य सम्मानित

रूद्रपुर। आदित्य नाथ झा इंटर कॉलेज में जनपद के समस्त राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापकों और शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने, परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने तथा विद्यालयों में संसाधनों के बेहतर उपयोग को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जनपद के सभी खंड शिक्षा अधिकारी तथा राजकीय इंटर कॉलेज एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रधानाध्यापकों ने प्रतिभाग किया। बैठक के दौरान वर्ष 2025-26 के परिषदीय परीक्षा परिणामों की समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र में बेहतर और गुणात्मक परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। जिलाधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों एवं प्रधानाध्यापकों को विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को और अधिक प्रभावी बनाने तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करने को प्रेरित किया। बैठक में कॉर्पोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी के अंतर्गत विद्यालयों में मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करने पर भी चर्चा हुई। साथ ही विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के बेहतर उपयोग और संसाधनों के सुदृढ़ीकरण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा पेस अकादमी द्वारा विद्यार्थियों को निशुल्क मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कोचिंग उपलब्ध कराने तथा ऐसे मेधावी छात्र छात्राओं की पढ़ाई को सुचारू बनाए रखने पर भी चर्चा की गई, जो किसी कारणवश अपनी शिक्षा जारी रखने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने वर्ष 2025-26 की परिषदीय परीक्षा में उत्कृष्ट और गुणात्मक परिणाम देने वाले प्रधानाचार्यों को सम्मानित भी किया। उन्होंने जनपद के सभी विद्यालयों में पुस्तकालय सुदृढ़ीकरण एवं बुक बैंक निर्माण को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा सहित शिक्षा विभाग के सभी अधिकारी रहे।




# आवास विकास के महादेव पार्क की बदलेगी सूरत

## महापौर ने किया 16 लाख के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास,हर वार्ड में बिना भेदभाव विकास हमारी प्राथमिकता: महापौर

रूद्रपुर। आवास विकास क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए महापौर विकास शर्मा ने वार्ड नंबर 39 स्थित महादेव पार्क के सौंदर्यीकरण एवं मंदिर में गुंबद निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। लगभग 16 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य को लेकर क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने महापौर का जोरदार स्वागत करते हुए विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया। शिलान्यास अवसर पर महापौर विकास शर्मा ने कहा कि नगर निगम शहर के प्रत्येक वार्ड में जनभावनाओं के अनुरूप विकास कार्य कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि महादेव पार्क लंबे समय से उपेक्षा का शिकार था और क्षेत्र के लोग लगातार इसके सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे। अब इस पार्क को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित हो सके। महापौर ने बताया कि पार्क में नई बाउंड्रीवाल और आकर्षक ग्रील लगाई जाएगी। इसके साथ ही लोगों के टहलने के लिए वॉकिंग ट्रैक बनाया जाएगा तथा बैठने के लिए बेंचों की व्यवस्था भी की जाएगी। महापौर ने कहा कि नगर निगम विकास कार्यों में किसी प्रकार का भेदभाव नहीं कर रहा है। भाजपा पार्षद हो या कांग्रेस पार्षद, सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और आशीर्वाद से शहर में विकास का सिलसिला लगातार आगे बढ़ रहा है और इसे रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि केवल जनप्रतिनिधियों ही नहीं बल्कि आम जनता के सुझावों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। आवास विकास और जगतपुरा क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से कार्य चल रहा है, जबकि कई नई योजनाएं भी जल्द शुरू होने जा रही हैं। महापौर ने बताया कि अटरिया रोड पर नाले को कवर कर सड़क चौड़ीकरण की योजना को स्वीकृति मिल चुकी है। इसके अलावा मुख्य मार्ग को भी चौड़ा करने की दिशा में कार्य किया जाएगा, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था और अधिक सुगम हो सके। महापौर ने भरोसा दिलाया कि वार्डवासियों की जो भी समस्याएं और मांगें होंगी, नगर निगम उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का कार्य करेगा। इस अवसर पर पार्षद सौरभ राज बेहड़, पारस चुघ, गगन दुनेजा, अनंत विश्वनोई, सीपी शर्मा, हरीश कुमार, सम्प्रीत ग्रोवर, विक्की सैनी, शंकर जायसवाल, गणेश यादव, प्रिंस भगत, गोरव कुशवाहा, नरेश उप्रेती, सुमित वार्ष्णेय, सत्यम अरोरा, कुनाल, गौरव जुयाल, दिनेश गोस्वामी अंश मुंजाल, जीपी पाण्डे, मनोज जोशी, नवीन अरोरा, पंकज अरोरा,सतीश छाबड़ा, चिमन लाल छाबड़ा, अनिल गोयल, रोहित छाबड़ा, पारस गुलयानी, चिराग कालड़ा, मनोज भट्ट, सुमित खुराना, विश्वनाथ शर्मा, प्रमोद राठौर, राम प्रसाद, अरमान गोयल, केशव राठौर, कमलेश छाबड़ा, सुमन छाबड़ा, किरन गोयल, रीता भट्ट, आशा जोशी, ममता पाण्डे, रेखा, दुर्गा कोशियारी, सुषमा विश्नोई, जसवंत, विमला, आदि लोगथे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## महंगाई का संकट

पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इस बात की आशंका पहले से जताई जा रही थी कि तेल और गैस की कमी की वजह से आने वाले दिनों में जरूरी वस्तुओं की महंगाई बढ़नी तय है। खासतौर पर रसोई गैस की किल्लत की वजह से आम लोगों के सामने कैसी परिस्थितियां पैदा हुई हैं, यह सब जानते हैं। इस दौरान देश में ईंधन, बिजली और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल की वजह से थोक महंगाई दर अप्रैल में 8.3 फीसद दर्ज की गई, जो मार्च में 3.88 फीसद थी। साफ है कि घरेलू बाजार पर अब अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों का असर पड़ना शुरू हो चुका है।हालांकि कुछ समय पहले वाणिज्यिक गैस सिलेंडर और विमानन टर्बाइन ईंधन के दाम में खासी बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन उसके असर का दायरा कुछ हद तक सीमित था। अब पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफे का मोर्चा जिस तरह खुला है, उससे साफ है कि अगर ईरान और अमेरिका के बीच टकराव के साए में तेल की आपूर्ति लंबे समय तक बाधित रही, तो इसका असर जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित करेगा। गौरतलब है कि तेल कंपनियों की ओर से शुक्रवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तीन–तीन रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई है। वहीं सीएनजी की कीमत में भी दो रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया। जाहिर है, ईरान पर इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद वैश्विक स्तर पर ऊर्जा कीमतों में जिस तरह की तेजी आई है, अब तेल कंपनियां आम उपभोक्ताओं पर भी उसका बोझ सीधे डालना शुरू कर चुकी हैं। यों जब ईरान ने होर्मुज जलमार्ग को बाधित किया था और दोनों पक्षों की ओर से एक–दूसरे के तेलशोधन केंद्रों और ठिकानों पर मिसाइल दागे गए, तभी से यह साफ था कि इसका असर दुनिया भर में होने वाली तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ेगा और नतीजतन सभी क्षेत्रों में महंगाई बढ़ेगी। खासतौर पर उन देशों में ज्यादा मुश्किल पैदा हो सकती है, जहां तेल और गैस की आपूर्ति को सहज बनाए रखने के विकल्प सीमित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से दुनिया भर में लगभग बीस से पच्चीस फीसद तेल और गैस की आपूर्ति होती है और इसी वजह से इसके बाधित होने के प्रभाव का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है। स्वाभाविक रूप से भारत में भी तेल और गैस की कमी पैदा हुई। हालांकि अमेरिका की ओर से लगाई गई शर्तों के बीच भारत ने रास्ता निकालने की कोशिश की थी, लेकिन अब युद्ध से उपजी जटिलता जैसे–जैसे लंबी खिंचती जा रही है, वैसे–वैसे विकल्प भी सिमटते जा रहे हैं। यह छिपा नहीं है कि डीजल के दाम में बढ़ोतरी के साथ ही माल ढुलाई की कीमत बढ़ती है और उसकी वजह से सभी जरूरी उपभोक्ता वस्तुओं की महंगाई में बढ़ोतरी होती है। यानी फिलहाल डीजल के दाम तीन रुपए बढ़े हैं, लेकिन ईरान और अमेरिका के रुख के असर में वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट के जो हालात बने हुए हैं, उसमें यह कहना मुश्किल है कि तेल के दाम में वृद्धि यहीं रुक जाएगी। ऐसी स्थिति में अगर खाने–पीने से लेकर जरूरत की हर चीज की कीमतें बेलगाम हुईं, तो यह एक स्वाभाविक परिणति होगी। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव की वजह से उपजे ऊर्जा संकट में जरूरत इस बात की है कि सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की उपलब्धता वाले देशों के साथ कूटनीतिक संवाद स्थापित करे और देश में गहराती मुश्किल को कम करने के लिए पहलकदमी करे।

# छात्रों ने सीखे कृषि और डेयरी प्रबंधन के गुर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान, सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस रुद्रपुर के बी.एससी (एग्रीकल्चर) के छात्रों ने जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के उद्यानिकी विभाग एवं डेयरी फार्म का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना तथा कृषि एवं पशुपालन से संबंधित आधुनिक तकनीकों से परिचित कराना था। उद्यानिकी विभाग में विद्यार्थियों को ग्राफ्टिंग तथा एयर लेयरिंग की उन्नत तकनीकों का प्रदर्शन उद्यानिकी निदेशालय के संयुक्त निदेशक डॉ. अशोक कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने पौधों के गुणवत्तापूर्ण प्रबंधन, पौध उत्पादन में इन तकनीकों की उपयोगिता तथा इनके व्यावसायिक महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने इन विधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर महत्वपूर्ण व्यावहारिक अनुभव प्राप्त किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने डेयरी फार्म का भ्रमण किया, जहाँ विभिन्न दुग्ध देने वाली पशु नस्लों की पहचान तथा उनके आधुनिक



आवास (हाउसिंग सिस्टम) के बारे में जानकारी कॉलेज ऑफ वेटरनरी साइंस के सहायक निदेशक डॉ. सुनील कुमार द्वारा दी गई। उन्होंने पशु प्रबंधन, स्वच्छता, पोषण तथा डेयरी उत्पादन बढ़ाने की आधुनिक तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। भ्रमण के अंत में विद्यार्थियों को वर्मीकम्पोस्टिंग एवं वर्मीकल्चर की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई, जिसमें केंचुओं की सहायता से जैविक खाद बनाने की तकनीक, इसके लाभ तथा कृषि में इसके महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई। यह शैक्षिक भ्रमण संस्थान के सहायक प्राध्यापक सोमेंद्र सिंह, सहायक प्राध्यापक मनीष यादव तथा भावना बिष्ट के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस भ्रमण से विद्यार्थियों को कृषि एवं डेयरी क्षेत्र की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त हुई, जो उनके भविष्य के करियर के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। इस औद्योगिक भ्रमण का आयोजन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन राजेश डावर, वाइस चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सी.ए. शिव अरोरा, निर्देशिका डॉ. सीमा अरोरा, मैनेजमेंट सदस्य वंश डावर एवं शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य विवेक त्रिवेदी, उप–प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सी.ए.ओ. अनुभव बाठला, साहिल छाबड़ा एवं कृषि विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अक्षिता बांगा ने सभी छात्रों को शुभकामनाएँ दी।

# बच्चों को दिए सड़क सुरक्षा और आपदा प्रबंधन के गुर

रामनगर (उद संवाददाता)। परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा सप्ताह कार्यक्रम के तहत ग्राम टांडा स्थित मदर्स ग्लोरी पब्लिक स्कूल में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा को लेकर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान एसडीआरएफ के जवानों द्वारा स्कूली बच्चों को विभिन्न प्रकार की आपदाओं के समय किस प्रकार से अपनी आत्मरक्षा करनी चाहिए तथा वाहन चलाते समय क्या सावधानियां बरती जानी चाहिए, इसको लेकर महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। इसके साथ ही स्कूली बच्चों को वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करने, हेलमेट एवं सीट बेल्ट का उपयोग करने, नशे में वाहन न चलाने तथा ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग को लेकर भी सचेत किया गया। कार्यक्रम में मौजूद एआरटीओ प्रवर्तन रिशु तिवारी ने बताया कि हर वर्ष सड़क दुर्घटनाओं में लाखों लोगों की मौत होती है जो कि एक चिंता का विषय है।



उन्होंने कहा कि हमारा और विभाग का निरंतर प्रयास है कि सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जाए, लेकिन इसके लिए हम सबको आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय जहाँ यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है, वहीं यदि सड़क दुर्घटना में कोई घायल होता है तो उसकी जान बचाना और उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाना भी हम सब की जिम्मेदारी है। ऐसा करने से जहां एक ओर घायल की जान बचेगी तो वहीं उसके परिवार में भी उजाले की किरण चमकेगी। उन्होंने बच्चों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग नियमों का पालन करें और वाहन चलाते समय पूरी सावधानी बरतें। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विभाग द्वारा लगातार आगे भी जारी रखे जाएंगे। स्कूल की प्रधानाचार्य डॉक्टर मीना पांथरी ने भी परिवहन विभाग एवं एसडीआरएफ का आभार जताते हुए कहा कि आज जो बच्चों को जागरूक करने का काम किया गया है, उससे निश्चित तौर पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। हमारी जागरूकता से सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचाने के साथ ही उसके परिवार में खुशियां लौटेंगी। उन्होंने सभी से इस मुहिम में आगे आने का आह्वान किया। इस दौरान एआरटीओ सुरेंद्र सिंह कपकोटी भी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# नशा तस्करी और मादक पदार्थों के कारोबार पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

चम्पावत (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में जिला स्तरीय एनकोर्ड (एनसीओआरडी) समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध व्यापार एवं नशे के सेवन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सार्वजनिक वाहनों के माध्यम से मादक पदार्थों के परिवहन की संभावनाओं पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किए जाएं। उन्होंने हाईवे, बस स्टैंड, टैक्सी स्टैंड तथा अन्य संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी बनाए रखने को कहा। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि वर्ष 2025 से वर्तमान तक जनपद में कुल 1211 नाली भांग की अवैध खेती नष्ट की गई है। वहीं वर्ष 2026 में अब तक कुल 22 अभियोगों में 26 अभियुक्तों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी ने स्कूलों एवं



महाविद्यालयों में नियमित रूप से जागरूकता कार्यक्रम एवं संवाद आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवश्यकता अनुसार शिक्षण संस्थानों में ड्रग डिटेक्शन किट उपलब्ध कराने तथा एंटी ड्रग कमेटियों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। पुलिस अधीक्षक रेखा यादव ने बताया कि नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1933 एवं मानस पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की पहचान पूर्णत: गोपनीय रखी जाती है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को विशेष काउंसलर्स एवं चिकित्सकों के माध्यम से विद्यालयों और महाविद्यालयों में नशा मुक्ति एवं जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्रवाई को और अधिक प्रभावी बनाने, धरपकड़ अभियान तेज करने तथा अवैध वित्तीय लेनदेन को ट्रेस कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पंचायत बैठकों में नशा मुक्त एवं ड्रग फ्री देवभूमि को एजेंडा बिंदु के रूप में शामिल कर जनजागरूकता बढ़ाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. जी.एस. खाती, अपर जिलाधिकारी कृष्णनाथ गोस्वामी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. देवेश चौहान एवं सहायक परियोजना निदेशक विम्मी जोशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# 25 नए हैंडपंपों की स्थापना हेतु 89.54 लाख स्वीकृत

चंपावत। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार ने चम्पावत के दूरस्थ एवं ग्रामीण क्षेत्रों तक स्वच्छ एवं सुगम पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने जनपद चम्पावत में 25 नए इंडिया मार्क–।। हैंडपंपों की स्थापना हेतु 89.54 लाख की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सेक्टर (ग्रामीण) कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीकृत इस योजना के लिए वित्तीय वर्ष 2026–27 में प्रथम किश्त के रूप में 53.72 लाख की धनराशि भी जारी कर दी गई है। इस योजना के क्रियान्वयन से जनपद के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी तथा स्थानीय स्तर पर ही स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हैंडपंपों की स्थापना हेतु स्थलों का चयन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। प्राथमिकता उन सार्वजनिक स्थानों को दी जाएगी, जहाँ स्थानीय लोगों को अधिकतम लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के क्रम में प्रत्येक प्रस्तावित स्थल की जीआईएस मैपिंग अनिवार्य रूप से कराई जाएगी, ताकि कार्यों की निगरानी एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि यदि किसी चयनित स्थल पर ड्राई बोर की स्थिति उत्पन्न होती है, तो तत्काल वैकल्पिक स्थान का चयन कर समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराया जाएगा, जिससे आमजन को बिना किसी बाधा के योजना का लाभ मिल सके।

# दवा व्यापारियों का देशव्यापी बंद 20 मई को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी 20 मई 2026 को देशभर में दवा व्यापारियों द्वारा एक दिवसीय राष्ट्रीय दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। इसी क्रम में रुद्रपुर मेडिकल एसोसिएशन द्वारा भी इस बंद को अपना पूर्ण समर्थन देने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है, जिसके चलते शहर के दवा प्रतिष्ठान बंद रहेंगे। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाइन दवाइयों की अनियंत्रित बिक्री, बाजार में नकली दवाओं के बढ़ते खतरे तथा दवा व्यापार से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण व लंबित मुद्दों को लेकर यह राष्ट्रव्यापी बंद किया जा रहा है। इस शांतिपूर्ण बंद के माध्यम से केंद्र व राज्य सरकार तक दवा व्यापारियों की जायज समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से पहुँचाने का प्रयास किया जाएगा। रुद्रपुर मेडिकल एसोसिएशन ने शहर के सभी थोक व फुटकर मेडिकल स्टोर संचालकों से पुरजोर अपील की है कि वे 20 मई को अपने–अपने प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रखकर इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। इसके साथ ही एसोसिएशन द्वारा आम जनता से भी इस मुहिम में सहयोग करने की अपील की गई है। दवा व्यापारियों ने स्थानीय नागरिकों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए यह स्पष्ट किया है कि बंद के दौरान आपातकालीन सेवाओं एवं गंभीर रूप से बीमार जरूरतमंद मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा और आपात स्थिति के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित रहेगी।

# विरोध के चलते स्मार्ट मीटर लगाने आई टीम बैरंग लौटी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मौहल्ला विवेक नगर ट्रांजिट कैम्प में लोगों के भवनों में स्मार्ट मीटर लगाने आई एसडीओ अनु मदान के नेतृत्व में विद्युत विभाग टीम को पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के साथ लोगों के भारी विरोध के चलते बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस दौरान एक व्यक्ति द्वारा डंडे से मीटर क्षतिग्रस्त कर देने पर उसके खिलाफ कानून कार्रवाई करने की बात भी कही गई। आज एसडीओ अनु मदान के नेतृत्व में विद्युत विभाग की टीम मौहल्ला विवेकनगर ट्रांजिट कैम्प में स्मार्ट मीटर लगाने पहुंची तो लोगों में रोष भड़क गया और उन्होंने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। इसकी जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल भी वहां आ पहुंचे और उन्होंने एसडीओ से कहा कि पहले पूंजीपतियों, भाजपा के जन प्रतिनिधियों व नेताओं के भवनों में यह मीटर लगाओ जिसके बाद अन्य भवनों पर मीटर लगाना। उन्होंने कहा कि पूर्व में जिन भाजपा जनप्रतिनिधियों व नेताओं के भवनों पर यह मीटर लगाये



गये थे उनमें कई मीटर हटाकर पुराने मीटर लगा दिए गये हैं। उन्होंने कहा मीटर लगाने में समान नीति अपनाये। गरीबों व मध्यम वर्ग के लोगों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एसडीओ न कहा कि इस मीटर को लगाने से कई लाभ हैं मीटर रीड़िंग नहीं करनी पड़ेगी बिल स्वत' जेनरेट हो जायेगा। यह पोस्टपेड मीटर है इसलिए पहले रिचार्ज कराने की जरूरत नहीं है। यदि किसी उपभोक्ता को कोई शक है तो इस मीटर के साथ एक चैक मीटर भी लगा दिया जायेगा ताकि शक को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति ने डंडा मारकर मीटर तोड़ा है उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी। मीटर लगाने का कार्य शासनादेशानुसार किया जा रहा है। काफी देर तक चले विरोध के बाद आज सायं इस सन्दर्भ में बैठक करने का निर्णय लिया गया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# दो महान सिख योद्धाओं के जन्मदिन पर खाद्य सामग्री का किया वितरण

गदरपुर। सिख मिशनरी कॉलेज लुधियाना की गदरपुर इकाई द्वारा गुरुद्वारा सिंह सभा परिसर गदरपुर,उधम सिंह नगर, उत्तराखंड में आयोजित योद्धाओं के सम्मान कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक के प्रदेश अध्यक्ष सलविंदर सिंह कलसी द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मुगल साम्राज्य के पतन के समय सरदार जस्ता सिंह रामगढ़िया एवं जस्सा सिंह आहलूवालिया के अलावा भाई बघेल सिंह तथा अन्य महान योद्धाओं के सहयोग से दिल्ली के लाल किले पर खालसा परचम फहराया गया था। इस दौरान दिल्ली में 30000 की फौज रख कर सिख धर्म से संबंधित ऐतिहासिक गुरुद्वारों का निर्माण एवं पुनरुद्धार करवाया था। जिनकी याद में आज गुरुद्वारा शीशगंज साहिब सहित,तीस हजारी, मिठाई पुल सहित यादगारें शामिल हैं उन्होंने कहा महान योद्धाओं को नमन करते हुए हमें उनके जन्मदिन, शहीदी दिन एवं ऐतिहासिक दिन मनाने के साथ उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया ,महान योद्धाओं के जन्मदिन पर आर्थिक रूप से पिछड़े जरूरतमंद 25 परिवारों को खाद्य सामग्री प्रदान करके उन्हें राहत प्रदान की गई। उक्त कार्य माह में एक बार विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया जाता है। वहीं सिख मिशनरी कॉलेज द्वारा समाज भलाई कार्यो के अंतर्गत लगातार 20 वर्ष से आयोजित किये जा रहे सिलाई प्रशिक्षण शिविर की द्वितीय सत्र की 15 बालिकाओं को भी सूट देकर सम्मानित किया गया। वर्तमान में वार्ड नंबर 10 में आयोजित शिविर में 45 बालिकाएं सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है जिन्हें संस्था द्वारा मुफ्त कपड़ा और सिलाई मशीन की सुविधा प्रदान की जाती है। समाज सेवी सुखविंदर सिंह और बलराज सिंह ने समाज भलाई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अन्य लोगों को भी ऐसे नेक और पुनीत कार्यों के लिए अपना कुछ ना कुछ सहयोग अवश्य करना चाहिए कार्यक्रम आयोजक देवेंद्र सिंह ने बताया कि हर माह लगभग दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री, दो दर्जन बच्चों को शिक्षण सामग्री एवं हर तीन माह में 10 विवाह योग्य बालिकाओं को घरेलू सामग्री सहित सूट प्रदान किये जाते हैं जिसके लिए सम्मानित समाजसेवियों का सहयोग मिलता रहता है और भविष्य में भी सहयोग अपेक्षित है। इस दौरान पात्र सिमरन कौर, साजिया, राखी, सिमरन, पूनम, सायरा, ज्योति,ममता, अर्चना, सायरीन, निशा ,रीना, कमलजीत कौर, राजमाला, अनीता, सुनीता,पूजा रेखा, अलशिफा, इरशाद, सुहानी, अमर नाम,प्रभा सरकार,प्रकाश कौर, लक्खो देवी, रेशमा,रानी कौर,किरन,सिकंदर आदि थे।



# डॉ. सुशीला तिवारी को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डॉ. सुशीला तिवारी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर उन्हें नमन किया तथा उनके योगदान को याद किया। डॉ. सुशीला तिवारी उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय पंडित नारायण दत्त तिवारी की धर्मपत्नी थीं। उनकी स्मृति में स्थापित डॉ. सुशीला तिवारी चिकित्सालय आज पूरे कुमाऊं क्षेत्र का सबसे बड़ा एवं प्रमुख सरकारी अस्पताल बन चुका है, जहां प्रतिदिन हजारों गरीब एवं जरूरतमंद मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। यह अस्पताल पहाड़ और दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए जीवनदायिनी भूमिका निभा रहा है। जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा ने कहा कि जिस उद्देश्य और जनसेवा की भावना के साथ इस अस्पताल की स्थापना की गई थी, आज उसे और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को सुधारने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है। प्रदेश के सबसे बड़े अस्पतालों में शामिल होने के बावजूद मरीजों को आज भी कई मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना पड़ता है। सरकार केवल घोषणाओं तक सीमित है, जबकि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति चिंताजनक है। समाजसेवी हेमन्त पाल आर्य ने कहा कि डॉ. सुशीला तिवारी का जीवन सेवा, समर्पण और मानवता की मिसाल था। उन्होंने हमेशा समाज के गरीब, कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों के हितों को प्राथमिकता दी। उन्होंने कहा कि आज जरूरत इस बात की है कि सरकार अस्पताल की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाकर आम जनता को वास्तविक राहत पहुंचाने का कार्य करे, ताकि दूर दराज क्षेत्रों से आने वाले मरीजों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने डॉ. सुशीला तिवारी को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनके बताए सेवा और जनकल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जिला प्रवक्ता हरेंद्र क्वीरा, समाजसेवी हेमन्त पाल आर्य, अंकित पाल, विद्या क्वीरा, राहुल साह, सुमित कुमार एवं अन्य सम्मानित साथियों ने सहभागिता की।



# अतिक्रमण पर चला डंडा, 22 व्यापारियों के काटे चालान

शक्तिफार्म। नगर पंचायत प्रशासन ने बाजार क्षेत्र में बढ़ते अतिक्रमण के खिलाफ सख्त अभियान चलाते हुए सड़क और नालियों पर किए गए कब्जों को हटवाया। कार्रवाई के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले 22 व्यापारियों के चालान काटे गए। अभियान के दौरान व्यापारियों और नगर पंचायत अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। प्रभारी अधिशासी अधिकारी प्रियंका रैक्वाल के नेतृत्व में नगर पंचायत की टीम ने मुख्य बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान दुकानों के बाहर सड़क तक फैला सामान हटाने के निर्देश दिए गए। कई व्यापारियों को पहले भी चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन अतिक्रमण नहीं हटाने पर प्रशासन ने चालानी कार्रवाई की। अभियान के दौरान व्यापार मंडल से जुड़े पदाधिकारियों समेत एक वार्ड सभासद का भी चालान काटा गया, जिससे मौके पर मौजूद व्यापारियों में नाराजगी देखने को मिली। कुछ व्यापारियों की अधिकारियों से बहस भी हुई, लेकिन नगर पंचायत टीम ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई जारी रखी। प्रभारी ईओ प्रियंका रैक्वाल ने कहा कि बाजार क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण आम लोगों और वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो रही थी। कई बार समझाने और चेतावनी देने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ, जिसके बाद यह कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि नगर क्षेत्र में अतिक्रमण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और आगे भी ऐसे अभियान लगातार जारी रहेंगे।



# पीएम के आह्वान के समर्थन में निकाली साइकिल यात्रा

किच्छा (उद संवाददाता)। वरिष्ठ भाजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पेट्रोल बचाओ आह्वान के समर्थन में जन-जन तक संदेश पहुँचाने के उद्देश्य से एक साइकिल यात्रा निकाली। यह साइकिल यात्रा किशनपुर स्थित कार्यालय से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य चौराहों से होती हुई महाराणा प्रताप चौक पर पहुँची। इस दौरान उनके साथ बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं समर्थक भी शामिल हुए। भाजपा नेता संजीव सिंह ने कहा कि वैश्विक संकट को लेकर जिस तरह से विश्वभर में कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं, वहीं हमारे देश में अब तक तेल की कीमतों को नियंत्रण में रखना प्रधानमंत्री मोदी की कार्यकुशलता और उनकी दूरदर्शी सोच को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का पेट्रोल बचाओ का आह्वान केवल एक अपील नहीं, बल्कि राष्ट्रहित में हम सभी का नैतिक कर्तव्य है। हमें अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलाव लाने होंगे। जहाँ संभव हो वहां साइकिल का उपयोग करें और अनावश्यक वाहनों का प्रयोग न करें। हमारा थोड़ा सा प्रयास देश के लिए बहुत बड़ा योगदान बन सकता है। उन्होंने आगे कहा कि यह केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि एक विचारधारा है जिसमें हर नागरिक को स्वयं आगे आना चाहिए। संजीव कुमार सिंह की यह साइकिल यात्रा नगरवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। देखते ही देखते इस यात्रा को लेकर पूरे नगर में चर्चाओं का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रधानमंत्री के संदेश को जमीनी स्तर तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम बताया। यह साइकिल यात्रा पेट्रोल बचत, पर्यावरण संरक्षण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास मानी जा रही है।




## सूचना सम्बंध विच्छेद

मैंने अपने पुत्र इकरार अहमद एवं पुत्रवधु सायमा को गलत संगत एवं अशोभनीय व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है, इनके किये गये किसी भी प्रकार के लेनदेन, कृत्य के यह स्वयं जिम्मेदार रहेंगे, इनसे मेरा एवं मेरे अन्य वारिसों का कोई वास्ता सरोकार नही होगा।

शकीला बेगम पत्नी स्व: श्री बन्ने अहमद निवासी वार्ड नं.5 सितारगंज उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड।

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र विशाल गंगवार गलत संगतों में पड़ गया है। विशाल और उसकी पत्नी श्रीमती अनुपम देवी आये दिन घर में कलह करते हैं। जिस कारण मैंने विशाल गंगवार और उसकी पत्नी अनुपम देवी को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और दोनों से सारे रिश्ते नाते समाप्त कर लिये हैं। भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए ये दोनों स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**ज्ञान प्रकाश पुत्र श्री पूरन लाल**
निवासी सांई इन्क्लेव कालौनी, बगवाड़ा रोड,रूद्रपुर, उधम सिंह नगर,उत्तराखण्ड


## पेज एक का शेष...

**वीरों की विरासत से नई ....**प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को शिक्षा, स्वरोजगार और कौशल विकास से जोड़ने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। सरकार की प्राथमिकता समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के विकास के लिए राज्य सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। खटीमा में थारू विकास भवन का निर्माण कराया जा रहा है तथा आश्रम पद्धति विद्यालयों को भी मजबूत किया जा रहा है। बालिकाओं की शिक्षा और विवाह के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है ताकि समाज के बच्चों को आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। मुख्यमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि वर्षों तक जनजातीय समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया गया, जबकि वर्तमान सरकार समाज के युवाओं को बड़े संस्थानों और मुख्यधारा में आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय समाज की बेटी द्रोपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाकर पूरे समाज का सम्मान बढ़ाया है। साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के संघर्ष और इतिहास को देश दुनिया तक पहुंचाने का काम भी केंद्र सरकार ने किया है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री धामी धर्मांतरण के मुद्दे पर भी मुखर नजर आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कानून को तोड़ने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि राज्य सरकार लव जिहाद और थूक जिहाद जैसी घटनाओं को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगी और ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड सरकार कानून व्यवस्था को मजबूत करने और समाज में सौहार्द बनाए रखने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक मूल्यों की रक्षा सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम के दौरान कई जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, रुद्रपुर विधायक शिव अरोड़ा, मेयर विकास शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, चेयरमैन प्रेम सिंह टुरना, राइस मिल यूनियन अध्यक्ष संजय गोयल, पूर्व ब्लॉक प्रमुख भुवन राणा, मंडल अध्यक्ष विकास गुलाटी, ओम नारायण राणा, उमेश अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, धर्म सिंह विष्ट, इंद्रपाल मान सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कार से भिड़ंत में ....**अरोरा ने पोस्टमार्टम हाऊस पहुंचकर परिजनों से मिलकर घटना पर गहरा दु:ख व्यक्त किया और फोन पर पुलिस को दिशा निर्देश दिए। प्रधान पति प्रमोद ने कहा कि सर्विस रोड़ में स्पीड़ ब्रेकर न होने के कारण यहां दोपहिया व चौपहिया वाहन काफी तेजी से गुजरते हैं। जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है। इसलिए जनहित में सर्विस रोड़ पर स्पीड़ ब्रेकर बनाना जरूरी हो गया है। वहीं उन्होंने विधायक के समक्ष अंडर पास बनाने की भी मांग रखी। जिस पर विधायक ने इन मांगों पर सम्बंधित अधिकारियों से वार्ता करने का भरोसा दिया। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर घटना की जानकारी ली और स्पीड ब्रेकर नहीं होने पर नाराजगी जताते हुए एनएच के अधिकारी तुषार गुप्ता से दूरभाष पर वार्ता की।

**स्कार्पियों से डेढ़ करोड़....**चालक बरामद धनराशि के संबंध में कोई भी वैध प्रपत्र पेश नहीं कर पाया। चालक ने बताया कि वह यह रकम बनारस से लेकर आया था और इसे साथ बैठे जसवंत को देना था। सीओ सिटी स्वप्निल मुयाल ने बताया कि बरामद धनराशि के संबंध में आयकर विभाग की टीम ने तीनों व्यक्तियों के बयान दर्ज किये है और रकम का सटीक आकलन किया जा रहा है। इस प्रकरण में आगे की वैधानिक कार्रवाई आयकर विभाग द्वारा अमल में लाई जाएगी। पुलिस ने नकदी की तस्करी में प्रयुक्त वाहन को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है।

**उत्तरकाशी में भूकंप....**से उत्तर पूर्व दिशा में करीब चार किलोमीटर दूर जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के झटके मुख्यालय और आसपास के कुछ क्षेत्रों में महसूस किए गए। भूकंप के बाद जिला प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग तुरंत अलर्ट मोड पर आ गए। जिला आपदा अधिकारी शार्दुल गुसाई ने बताया कि देर रात को जनपद में भूकंप के झटके महसूस किए गए, लेकिन फिलहाल जिले में कहीं से भी किसी प्रकार के नुकसान की सूचना प्राप्त नहीं हुई है। संबंधित विभागों की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उत्तरकाशी जिला भूकंप की दृष्टि से संवेदनशील जोन में आता है। हिमालयी क्षेत्र में भूगर्भीय हलचल के चलते समय समय पर हल्के भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि छोटे भूकंप कई बार धरती के भीतर जमा ऊर्जा को बाहर निकालने का काम करते हैं, लेकिन संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता बेहद जरूरी होती है। देर रात आए झटकों के बाद लोगों में भय का माहौल जरूर बना, लेकिन राहत की बात यह रही कि भूकंप बेहद हल्का था और किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों से बचने और आपात स्थिति में प्रशासन व आपदा कंट्रोल रूम से संपर्क करने की अपील की है। फिलहाल उत्तरकाशी में भूकंप के झटके से किसी भी प्रकार की कोई हानि की खबर सामने नहीं आई है।

**फौजी के बंद घर से ...**समेट ली और फरार हो गए। घटना की जानकारी शनिवार सुबह पड़ोसियों को हुई, जब उन्होंने घर का सामान अस्त व्यस्त देखा। पड़ोसियों ने तुरंत इसकी सूचना परिजनों और पुलिस को दी। चोरी की खबर मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस की टीम मौके पर पहुँची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि चोरों का सुराग लगाया जा सके। कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया जाएगा। परिजनों के वापस लौटने के बाद ही चोरी हुए सामान की सटीक सूची प्राप्त हो सकेगी।

**फ्लीट छोड़कर दो ...**दिया कि जनसेवा दिखावे से नहीं, बल्कि संवेदनशील सोच और जिम्मेदार फैसलों से होती है। मुख्यमंत्री का यह कदम न केवल सादगी का प्रतीक माना जा रहा है, बल्कि ईंधन बचत, सरकारी संसाधनों के सदुपयोग और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भी शानदार उदाहरण बनकर सामने आया है। जब देश के प्रधानमंत्री फ्यूल सेविंग और मिनिमम गवर्नमेंट मैक्सिमम गवर्नेंस की बात करते हैं, तब मुख्यमंत्री धामी उसे धरातल पर उतारते हुए दिखाई देते हैं। आज के दौर में जहाँ सत्ता को शान ओ शौकत से जोड़कर देखा जाता है, वहीं मुख्यमंत्री ने यह साबित किया कि वास्तविक नेतृत्व वही है जो जनता के पैसे, संसाधनों और समय की कीमत को समझे। मुख्यमंत्री का यह विनम्र और प्रेरणादायक कदम उत्तराखण्ड की सादगीपूर्ण संस्कृति और जनसेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**राजमिस्त्री की कमरे में ....** निवासी 51 वर्षीय गोपाल सरकार पुत्र प्रफुल्ल सरकार ने कुछ दिन ही पूर्व नया घर बनाकर गृहप्रवेश किया था। उसकी पत्नी जमुना मूल निवास गंगानगर हापुड़ में अयोजित काली पूजा समारोह में शामिल होने के लिए 12 मई को गई थी। वहां पर उसका पुत्र गोपी नौकरी करता है। जबकि पुत्री की शादी हो चुकी है। बताया जाता है कि आज सुबह करीब 7 बजे गोपाल ने अपने रिश्तेदार समीपवर्ती ग्राम रामबाग निवासी श्यामल सरकार को फोन कर बताया कि उसके सिर में दर्द है घर आ जाओ। श्यामल जब वहां पहुंचा तो उसने गोपाल को बेसुध अवस्था में लेटा देखा। उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। चिकित्सकों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता लग सकेगा। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

**सीएम का विरोध कर ...**कार्यक्रम स्थल से हटाया। इस दौरान सितारगंज कोतवाल नरेश चौहान भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे तथा पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में सुबह से ही प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर रहा।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# उधम सिंह नगर में 'तराशे' जाएंगे 'साइकिलिंग के महारथी'

## एक जिला एक खेल नीति के तहत राज्य के 13 जिलों के लिए खेल चयनित, उधम सिंह नगर के हिस्से आया साइकिलिंग का खेल

-अर्श-

उधम सिंह नगर, भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के अनुपालन के तहत उत्तराखंड में खेलों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला एक खेल नीति को अंतिम रूप देते हुए, राज्य के सभी 13 जनपदों के लिए एक-एक विशिष्ट खेल का चयन किया गया है। इस नीति के तहत हर जिले में चयनित खेल के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा प्रत्येक जिले में चयनित खेल के लिए अकादमियों की स्थापना, योग्य प्रशिक्षकों की नियुक्ति और आधुनिक खेल उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। राज्य में एक जिला एक खेल नीति को धरातल पर उतरने के क्रम में उधम सिंह नगर जिले के लिए साइकिलिंग का के खेल का चयन किया गया है। लिहाजा, उधम सिंह नगर जनपद से अब साइकिलिंग के नए-नए महारथियों के निकलने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। राजधानी देहरादून में आयोजित एक बैठक के बाद प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्य ने बीते रोज जानकारी दी कि यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के अनुरूप लिया गया है और इसका मुख्य लक्ष्य राज्य में खेल प्रतिभाओं को निखारना तथा उन्हें राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना है। खेल मंत्री के अनुसार इस विशिष्ट खेल नीति का उद्देश्य प्रत्येक जिले में चयनित खेल के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा और प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित करना भी है। इससे स्थानीय स्तर पर खेलों के प्रति जागरूकता तो बढ़ेगी ही, साथ ही यह पहल युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए



प्रेरित करेगी। खेल मंत्री आर्या के मुताबिक सरकार का लक्ष्य है कि इस पहल से उत्तराखंड राज्य खेल के क्षेत्र में एक अग्रणी राज्य के रूप में उभरे। सरकार को उम्मीद है कि उक्त नीति राज्य के युवाओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और खेल को कॅरिअर के रूप में चुनने के लिए प्रोत्साहित करेगी। खेल मंत्री के अनुसार एक जिला एक खेल नीति के तहत प्रत्येक जिले को एक विशिष्ट खेल के केंद्र के रूप में विकसित क्रम में अल्मोड़ा जिले के लिए बैडमिंटन खेल को विशेष रूप से प्राथमिकता दी गई है, वहीं बागेश्वर में ताइक्वांडो और चंपावत में फुटबॉल के लिए सुविधाएं विकसित कर, खिलाड़ियों को तैयार किया जाएगा। राजधानी देहरादून में शूटिंग के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जाएंगी तथा हरिद्वार में कुश्ती और नैनीताल में मॉर्डन पेंटाथलॉन पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा।पौड़ी में जहां एथलेटिक्स और पिथौरागढ़ में मुक्केबाजी को बढ़ावा मिलेगा, वहीं टिहरी गढ़वाल में कैनोइंग और कयाकिंग के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इसके अलावा रुद्रप्रयाग में वुशू तथा ऊधमसिंह नगर में साइकिलिंग और उत्तरकाशी में कबड्डी के लिए योजनाएं बनाई गई हैं।

# लाखों की चोरी का खुलासा, जेवरातों के साथ एक गिरफ्तार

किच्छा (उद संवाददाता)। थाना पुलभट्टा पुलिस ने घर में हुई लाखों रुपये की चोरी का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि विवादित किशोर को संरक्षण में लिया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब छह लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम बरा निवासी ओमकार पुत्र सोमलाल ने थाना पुलभट्टा में तहरीर देकर बताया था कि 30 अप्रैल और 1 मई की रात अज्ञात चोर उनके घर के पीछे लगे गेट का ताला तोड़कर अंदर घुस गए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी के लॉकर से सोने चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ली। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच



शुरू की थी। घटना को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक नगर रुद्रपुर और क्षेत्राधिकारी सितारगंज के निर्देशन में थानाध्यक्ष पुलभट्टा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की गहनता से जांच की। जांच में चार संदिग्ध युवक एक मोटरसाइकिल पर घटनास्थल के आसपास घूमते दिखाई दिए। पुलिस, सर्विलांस टीम और एसओजी रुद्रपुर की मदद से 14 मई को राज पुत्र प्रकाश निवासी ट्रांजिट कैंप, चामुंडा मंदिर के पास, थाना ट्रांजिट कैंप को क्राउन होटल पुलभट्टा के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूल की। पुलिस ने उसके कब्जे से सोने की चेन, मंगलसूत्र, डायमंड की अंगूठी सहित अन्य जेवर बरामद किए। वहीं विधि विवादित किशोर से भी अंगूठियां और घड़ी बरामद की गई। पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उप निरीक्षक दिनेश चन्द्र भट्ट, अपर उप निरीक्षक प्रकाश चन्द्र सहित पुलिस और एसओजी के जवान शामिल रहे।

# स्पा सेंटर में मारा छापा

काशीपुर। स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार की शिकायत के मद्देनजर शुक्रवार को पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग टीम ने काशीपुर के प्रिया माल में छापा मारा। माल के तीन स्पा सेंटरों में दो बंदे मिले, जबकि तीसरे स्पा सेंटर में छापे के समय कोई ग्राहक नहीं मिला। चर्चा है कि स्पा सेंटर संचालकों को छापे की पहले ही सूचना हो गई थी। यहीं कारण है कि सुबह नौ से देर रात तक गुलजार रहने वाले स्पा सेंटर छापे के समय पर बंद मिले। शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे निरीक्षक मंजू पांडे ने टीम के साथ माल में छापा मारा। टीम डेढ़ घंटे तक स्पा सेंटर में जमी रही। महाराणा प्रताप चौक के समीप स्थित प्रिया माल में खुले मिले तीसरे स्पा सेंटर के स्वामी का सत्यापन न होने से पुलिस से 10 हजार का चालान किया। वहीं, छापे से पूर्व दो स्पा सेंटर के कर्मचारियों के सेंटर बंद करके अन्यत्र चले जाने से पुलिस की कार्रवाई को लेकर कई तरह की चर्चा हो रही हैं। सीओ प्रशांत कुमार ने बताया कि स्पा सेंटर की आड़ में अनैतिक देह व्यापार करने वालों के.. विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी।







# बेहड़ ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

किच्छा (उद संवाददाता)। क्षेत्र के विधायक तिलक राज बेहड़ ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण कर उन्हें जनता को समर्पित किया। लोकार्पण कार्यक्रमों के अंतर्गत ग्राम चकौनी में विधायक तिलक राज बेहड़ के पूर्व प्रयासों से मंडी समिति द्वारा निर्मित राजेश की चक्की से स्कूल चौराहे तक सड़क का लोकार्पण किया गया, जिसकी लागत लगभग 19 लाख 98 हजार रुपये है। इसके अलावा विधायक निधि से निर्मित ग्राम चकौनी गुरुद्वारे में टीन शेड निर्माण कार्य लागत लगभग 4 लाख रुपये तथा ग्राम पक्की खमरिया स्थित गुरुद्वारे में टीन शेड व वॉशरूम निर्माण कार्य लागत 5 लाख रुपये का लोकार्पण किया गया। इन सभी विकास कार्यों की कुल लागत लगभग 28 लाख 98 हजार रुपये रही। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड़ ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं को क्षेत्र की जनता के परिवार का सदस्य मानते हैं। वे सुख दुख में हमेशा जनता के बीच रहे हैं और जो भी संभव होता है, लगातार करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी गांव में केवल एक विचारधारा के लोग नहीं रहते, बल्कि सभी दलों के लोग रहते हैं। जनता स्वयं तुलना कर सकती है कि पिछले दस वर्षों में क्षेत्र में क्या कार्य हुए और बीते चार



वर्षों में उनके द्वारा कितने विकास कार्य कराए गए। उन्होंने कहा कि चकौनी बडोरा सड़क की हालत बेहद खराब थी, जिसका निर्माण उनके प्रयासों से कराया गया। तिलक राज बेहड़ ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के लोग सवाल पूछते हैं, लेकिन जब उनसे उनके कार्यों का हिसाब मांगा जाता है तो उनके पास कोई जवाब नहीं होता। उन्होंने कहा कि गांव की अन्य सड़कों और विकास कार्यों के लिए भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं तथा कई कार्यों के टेंडर हो चुके हैं। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि गांव गांव तक विकास और जनसेवा का संदेश पहुंचाया जाए तथा आने वाले समय में भी क्षेत्र को और अधिक विकास कार्य दिए जाएंगे। जब तक वह जनता के बीच हैं, विकास की गति रुकने नहीं दी जाएगी।

# स्वामी शिवानंद, प्रमोद मित्तल व कपिल शर्मा ने दिया ईंधन बचत का संदेश

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा ईंधन की बचत एवं सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने के संदेश से प्रेरित होकर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट, दूधिया बाबा आश्रम मठाधीश स्वामी शिवानंद जी महाराज एवं सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर कपिल शर्मा ने ई-रिक्शा में सवार होकर आमजन को पर्यावरण संरक्षण और ईंधन बचत का संदेश दिया। प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने कहा कि देशहित में प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए ईंधन के अनावश्यक उपयोग को कम करना चाहिए तथा अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा में सवार होना केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि देशहित में ईंधन की बचत और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। इससे न केवल तेल की बचत होगी बल्कि प्रदूषण भी कम होगा और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि वे पर्यावरण संरक्षण के अभियानों में बढ़-चढ़कर भाग लें और राष्ट्रहित में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। स्वामी शिवानंद जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति सदैव प्रकृति और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश देती आई है। उन्होंने कहा कि प्रकृति की रक्षा करना मानवता की सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में पर्यावरण संरक्षण से जुड़े संकल्प लेने चाहिए। सांसद प्रतिनिधि डॉक्टर कपिल शर्मा ने कहा कि सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने से न केवल ईंधन की बचत होती है, बल्कि प्रदूषण भी कम होता है।

